जिंदगी जीना सिखला दिया | by Vikas Bagri

बंदगी ने तेरी सांवरे जिंदगी जीना सिखला दिया
फर्क औरों में तुझ में है क्या सांवरे मुझको बतला दिया

कर दिए दिल के टुकड़े हजार जिस पर विश्वास था बेशुमार
जब से आया शरण में तेरी प्यार तुझसे मिला है अपार
प्यार तुझसे मिला है अपार..........
एक तुझे छोड़ सब मतलबी सांवरे तूने दिखला दिया
फर्क औरों में तुझ में है क्या सांवरे मुझको बतला दिया

चोट दिल की दिखाई तुझे हाले दिल जो सुनाया तुझे
भूलकर मेरी भूलो को तू दास अपना बनाया मुझे
दास अपना बनाया मुझे..........
माफ करता नहीं गलतियां बात तुमने यह झूठ ला दिया
फर्क औरों में तुझ में है क्या सांवरे मुझको बतला दिया

खाटू वाले मुझे दुनिया ने नाम से तेरे पहचान दी
तूने खुशियों की सौगात दे मेरे होठों पर मुस्कान दी
मेरे होठों पर मुस्कान दी...........
तूने कुंदन को श्याम धनी प्यार से अपने नहला दिया
फर्क औरों में तुझ में है क्या सांवरे मुझको बतला दिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-vikas-bagri/